11:36

कार्यालय प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यालायलय अलीगढ़।

विज्ञप्ति

माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद के पत्रांक संख्या-1928/एस०एफ०सी०एम० सैल/लखनऊ, दिनांकित 28.02.2026 के अनुपालन में परिवार न्यायालय, अलीगढ़ में चार पद एवं पत्रांक संख्या-1931/एस०एफ०सी०एम० सैल/लखनऊ, दिनांकित 28.02.2026 के अनुपालन में परिवार न्यायालय, अलीगढ़ में एक पद कुल पांच पद पर परामर्शदाताओ की नियुक्ति किये जाने हेतु प्राप्त आवेदन पत्र उत्तर प्रदेश शासन को अग्रसारित किये जाने हैं, जिसके लिए अर्हता निम्नवत हैः-

1. अर्ह व्यक्ति समाजशास्त्र या मनोविज्ञान में से किसी एक विषय में स्नातक की डिग्री रखता हो और उसे समाज सेवा का अनुभव हो, जो व्यक्ति सामाजिक कार्य में मास्टर डिग्री धारक हो और पारिवारिक काउन्सिलिंग में दो वर्ष का अनुभव हो उसे वरीयता दी जायेगी।

2. विज्ञापन के समय परामर्शदाता (काउन्सलर) की आयु 35 वर्ष से 65 वर्ष के बीच होनी चाहिए।

3. परामर्शदाता का कार्यकाल प्रारम्भ में तीन वर्ष का होगा। माननीय उच्च न्यायालय की संस्तुति के आधार पर तीन वर्ष के लिए उनके नाम पर पुर्नविचार किया जा सकता है।

4. परामर्शदाता के पद पर नियुक्ति शासकीय सेवा में नियुक्ति नहीं मानी जायेगी और वे न्यायालय से संविदा के आधार पर सम्बद्ध रहेंगे।

5. नियुक्त परामर्शदाता को शासनादेश के अनुसार नियत रूपये 1,000/- प्रति कार्य दिवस अथवा रूपये 24,000/- प्रतिमाह जो भी कम हो, का मानदेय देय होगा।

आवेदन पत्र का प्रारूप जनपद न्यायालय अलीगढ़ की आधिकारिक बेबसाइट https://aligarh.dcourts.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है। पूर्ण भरे हुए आवेदन पत्र अपने शैक्षिक एवं अनुभव प्रमाण पत्रों की स्वप्रमाणित छायाप्रति सहित दिनांक 31.03.2026 तक कार्यालय, प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय अलीगढ़ में पंजीकृत डाक अथवा व्यक्तिगत रूप से प्रेषित कर सकते हैं। पंजीकृत डाक से दिनांक 31.03.2026 तक प्राप्त आवेदन पत्रों पर ही विचार किया जायेगा।

प्रधान न्यायाधीश,
परिवार न्यायालय, अलगीढ़।

प्रतिलिपिः-

1. प्रभारी अधिकारी (नजारत), जनपद अलीगढ़ को इस आशय से प्रेषित कि वह उक्त विज्ञप्ति की प्रति न्यायालय के नोटिस बोर्ड पर, बार एसोसिएशन जनपद न्यायालय,अलीगढ़ एवं कलैक्ट्रेट अलीगढ़ के नोटिस बोर्ड पर चस्पा कराना सुनिश्चित करें।
2. सहायक निदेशक (सूचना), अलीगढ़ को दैनिक समाचार पत्रों में निःशुल्क प्रकाशन हेतु।
3. प्रभारी अधिकारी (Computer), जनपद अलीगढ़ को इस आशय से प्रेषित हो कि वे उक्त विज्ञप्ति की प्रतिलिपि को जनपद अलीगढ़ व माननीय उच्च न्यायालय की वेबसाइट पर अपलोड कराना सुनिश्चित करें।

Sanjeev Yadav 17/3/26

प्रधान न्यायाधीश,
परिवार न्यायालय, अलगीढ़।

परिवार न्यायालय, अलीगढ़ में परामर्शदाता पद पर नियुक्ति के सम्बन्ध में आवेदन पत्र का प्रारूप

आवेदक की नवीनतम रंगीन पासपोर्ट साइज स्व. प्रमाणित फोटो

1. नाम आवेदक (हिन्दी में)..
2. नाम आवेदक (अंग्रेजी के बड़े अक्षरों में)..
3. लिंग ....
4. पिता/पति का नाम...
5. जन्मतिथि (हाईस्कूल प्रमाण पत्र के अनुसार)..
6. आवेदक का स्थाई पता (पिन कोड सहित)...

....

7. आवेदक का वर्तमान पता (पिन कोड सहित)..

....

8. मतदाता पहचान पत्र अथवा आधार कार्ड नम्बर..
9. टेलीफोन/मोबाइल नम्बर.. ई-मेल...
10. राज्य का नाम (आवेदक जिसका मूल निवासी है)-...
11. जनपदः-..
12. राष्ट्रीयताः-...
13. श्रेणी / उपजातिः-...
14. अधिमानी योग्यताः-...
15. आवेदक की शैक्षिक योग्यता

क्र०सं०	शैक्षिक योग्यता	चयनित विषय	बोर्ड/विश्वविद्यालय का नाम	प्राप्तांक/कुल अंक	प्रतिशत
1.					
2.					
3.					
4.					
5.					

(संगत अंक पत्र एवं प्रमाण पत्र की स्वप्रमाणित छायाप्रति आवेदन पत्र के साथ संलग्न करें। स्नातक एवं उससे उच्चतर स्तर पर चयनित विषय का उल्लेख करना अनिवार्य है।)

समाज सेवा का अनुभव (यदि कोई हो)..

(संगत प्रमाण पत्र की स्वप्रमाणित छायाप्रति आवेदन पत्र के साथ संलग्न करें।)

पारिवारिक कांउसलिंग का अनुभव (यदि कोई हो)...

(संगत प्रमाण पत्र की स्वप्रमाणित छायाप्रति आवेदन पत्र के साथ संलग्न करें।)

<u>घोषणा पत्र</u>

मैं एतद्द्वारा घोषणा करता / करती हूँ कि-

1. मैंने विज्ञप्ति में दी गयी पात्रता की शर्त सावधानी पूर्वक पढ़ी है वे सभी मुझे मान्य है और वे शर्तें भी पूरी करता / करती हूँ।
2. मेरे द्वारा इस आवेदन में दिये गये समस्त विवरण / सूचनायें सत्य एवं सही है और मैंने इस विवरण सूचनाओं में कोई तथ्य नहीं छुपाया गया है यदि कोई विवरण / सूचना असत्य अथवा गलत पायी जाती है तो मेरा अभ्यर्थन निरस्त कर दिया जावे। यदि नियुक्ति हो जाने के उपरान्त यदि ऐसी स्थिति प्रकाश में आये तो मेरी सेवायें समाप्त कर दिया जाये।

(नोटः-वांछित प्रमाण पत्रों की स्व-प्रमाणित प्रतिलिपि संलग्न करे।)

आवेदक का पूर्ण हस्ताक्षर
पूरा नामः-
पताः-
दिनांकः-
स्थानः-